कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा–माध्य/संस्था/एफ–1ए/गेस्ट फेकलटी/12226/2021/88 दिनांक – 03/03/22

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी

विषय :– "विद्या संबल योजना" लागू किये जाने सम्बन्धी बजट घोषणा संख्या 54.0.54 की क्रियान्विति के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्रांक 79–83 दिनांक 17.02.22

उपरोक्त विषयान्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा वर्ष 2021–22 में की गई बजट घोषणा संख्या 54.0.05 "राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों–विद्यालयों, आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को गैस्ट फैकल्टी के रूप में लेने के लिए "विद्या संबल योजना" लागू की जावेगी की क्रियान्विति हेतु वित्त (सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 30/03/2021 के द्वारा दिशा–निर्देश जारी किये गये है एवं इस कार्यालय के सम संख्यक सन्दर्भित पत्र दिनांक 17/02/2022 द्वारा भी विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये है।

उक्त कम में इस कार्यालय के सन्दर्भित पत्र के बिन्दु संख्या–10 में निर्देश जारी किये गये थे कि "**10. एक ही पद हेतु एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर संविदा नियुक्ति की वरियता आवेदक द्वारा प्रस्तुत गत 2 वर्षो के परीक्षा परीणाम एवं सेवा निवृत न्यूनतम आयु के प्रार्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।**"

उक्त बिन्दु के स्पस्टीकरण के रूप में निर्देशित किया जाता है कि प्राप्त आवेदनों मे गत 2 वर्षो के परीक्षा परिणाम को प्रथम वरियता प्रदान की जानी है, गत 2 वर्षो का परीक्षा परिणाम समान होने पर सेवा निवृत न्यूनतम आयु के प्रार्थी को प्राथमिकता दी जानी सुनिश्चित की जावें।

उक्त के साथ ही निर्देशित किया जाता है कि चूंकि विद्या संबल योजनान्तर्गत गैस्ट फैकल्टी हेतु सेवा निवृत राजकीय कार्मिक को संविदा पर नितांत अस्थाई तौर पर सत्रांत तक अथवा पद भरने तक लगाया जाना है, अतः प्राप्त आवेदन पत्रों में स्वयं प्रमाणित शपथ पत्र ही लिया जा सकता है।

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मुख्यालय
2. अनुभाग अधिकारी, संस्थापन सी अनुभाग, कार्यालय हाजा।
3. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब साईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते